# दिनांक 22.03.2026 को आहूत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक का कार्यवृत्त

## -:- उपस्थिति -:-

1. जिलाधिकारी, उन्नाव।
2. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, उन्नाव।
4. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), उन्नाव।
5. मुख्य चिकित्साधिकारी, उन्नाव।
6. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
7. जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, उन्नाव।
8. जिला पंचायत राज अधिकारी, उन्नाव।
9. जिला कृषि अधिकारी, उन्नाव।
10. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, उन्नाव।
11. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
12. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
13. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
14. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
15. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन (फेज–IV) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके कार्य क्लस्टर– ए एवं बी में कराये जाने हैं। जिस हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निविदा प्रकिया पूर्ण कर कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सेक्टर–सी–2, प्लाट नं0– 177, सुशान्त गोल्फ सिटी, अन्सल ए.पी.आई., निकट लुलु मॉल, लखनऊ को नामित किया गया है। उक्त योजना से सम्बन्धित निम्नलिखित बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में दिनांक 22.03.2026 को सम्पन्न हुई:–

1. जल जीवन मिशन योजना (फेज–IV) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता के सापेक्ष भूमि चिन्हांकन की अद्यतन स्थिति।
2. जल जीवन मिशन योजना (फेज– IV) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यो पर प्रगति की समीक्षा।
3. जल जीवन मिशन योजना (फेज–IV) के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खोदी गयी सड़कों की पुनर्स्थापना के कार्यों की समीक्षा।
4. मा0 जल शक्ति मंत्री जी, भारत सरकार की अध्यक्षता में "सुजल ग्राम संवाद"
5. JJM Dashboard 2.0 में RPWSS ID बनाने के सम्बन्ध में समीक्षा।
6. जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत–नेतृत्वित जल सेवा आकलन के संचालन के सम्बन्ध में समीक्षा।
7. जिला तकनीकी इकाई (DTU) स्थापित किये जाने सम्बन्धी कार्य की समीक्षा।

**1. जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता के सापेक्ष भूमि चिन्हांकन की अद्यतन स्थितिः–**

उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया जनपद में शिरोपरि जलाशय (OHT) एवं भूमिगत जलाशय (CWR) निर्माण हेतु उपलब्ध कुल भूमि 471 नग के सापेक्ष समस्त वांछित भूमि का चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

| क0सं0 | तहसील का नाम | प्रस्तावित भूमि | चिन्हित स्थल | अवशेष स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर | 94 | 94 | 0 |
| 2 | बांगरमऊ | 55 | 55 | 0 |
| 3 | सफीपुर | 42 | 42 | 0 |
| 4 | हसनगंज | 127 | 127 | 0 |
| 5 | बीघापुर | 65 | 65 | 0 |
| 6 | पुरवा | 89 | 89 | 0 |
| | योग | 471 | 471 | 0 |

2. <u>जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यो पर प्रगति की समीक्षा:–</u>

- <u>इनटेकवेल</u>– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत जनपद कानपुर नगर के ग्राम कटरी शंकरपुर सराय में निर्माणाधीन 359 एम.एल.डी. क्षमता के इन्टेकवेल के कार्य लगभग 74.00 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 345 मीटर बाउन्ड्रीवाल के कार्यों के सापेक्ष लगभग 180 मीटर बाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। फर्म द्वारा वर्तमान में कार्यस्थल पर 50 श्रमिकों के सापेक्ष 08 श्रमिक तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त राजस्व विभाग कानपुर एवं सहायक अभिलेख अधिकारी द्वारा एप्रोच रोड का चिन्हांकन कर लिया गया है जिसे तत्काल बाउन्ड्री कर अपने स्वामित्व में कर लेने का कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिप्टी जनरल मैनेजर श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थल पर कार्यों को समय से पूर्ण किये जाने हेतु अधिक से अधिक श्रमिक तैनात करते हुये कार्यों में गतिशीलता लायें जिससे कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुये योजना का जनोपयोगी बनाया जा सके।
- <u>डब्ल्यू.टी.पी. ए (क्षमता–170 एम.एल.डी.)–</u> अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव सतही स्रोत आधारित योजना के अन्तर्गत डब्ल्यू.टी.पी. ए का निर्माण कार्य गंगा बैराज (लवकुश बैराज) परियोजना में बांये गाईड बन्ध से लगभग 200 मी0 की दूरी पर जनपद कानपुर नगर की तहसील कानपुर सदर के अन्तर्गत ग्राम कटरी शंकरपुर सराय में किया जा रहा है, डब्ल्यू.टी.पी. क्लस्टर–ए के कार्यों की प्रगति कार्यदायी फर्म की लचर कार्यप्रणाली के कारण वर्तमान तक मात्र 56.62 प्रतिशत प्राप्त हो सकी है, फर्म द्वारा वर्तमान में कार्यस्थल पर 250 श्रमिकों के सापेक्ष 25 श्रमिक तैनात किये गये हैं। जिसके लिये कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि डिप्टी जनरल मैनेजर श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थल पर कार्यों को समय से पूर्ण किये जाने हेतु अधिक से अधिक श्रमिक तैनात करते हुये कार्यों में गतिशीलता लायें जिससे कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुये योजना का जनोपयोगी बनाया जा सके।
- <u>डब्ल्यू.टी.पी. बी (क्षमता–130 एम.एल.डी.)–</u> अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव सतही स्रोत आधारित योजना के अन्तर्गत डब्ल्यू.टी.पी. बी का निर्माण कार्य जनपद के विकास खण्ड बिछिया के ग्राम कोरारी कला में कराया जा रहा है तथा डब्ल्यू.टी.पी. क्लस्टर–बी के कार्यों की प्रगति कार्यदायी फर्म की लचर कार्यप्रणाली के कारण वर्तमान तक मात्र 60.32 प्रतिशत प्राप्त हो सकी है, फर्म द्वारा वर्तमान में कार्यस्थल पर 250 श्रमिकों के सापेक्ष 15 श्रमिक तैनात किये गये हैं। जिसके लिये कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि डिप्टी जनरल मैनेजर श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थल पर कार्यों को समय से पूर्ण किये जाने हेतु अधिक से अधिक श्रमिक तैनात करते हुये कार्यों में गतिशीलता लायें जिससे कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुये योजना का जनोपयोगी बनाया जा सके।
- <u>भूमिगत जलाशय (CWR):–</u> अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव सतही स्रोत आधारित योजना के क्लस्टर–ए के अन्तर्गत 27 नग तथा क्लस्टर–बी के अन्तर्गत 26 नग इस प्रकार कुल 53 नग भूमिगत जलाशयों (CWR) का निर्माण कराया जाना है, जिसके सापेक्ष भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं क्लस्टर– ए के अन्तर्गत प्रस्तावित 27 नग भूमिगत जलाशय (CWR) के सापेक्ष 24 नग भूमिगत जलाशय (CWR) तथा क्लस्टर– बी के अन्तर्गत प्रस्तावित समस्त 26 नग भूमिगत जलाशय (CWR) के निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये गये थे, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| Work Progress | Cluster- A (Scope- 27 Nos. CWR) | | Cluster- B (Scope- 26Nos. CWR) | |
|---|---|---|---|---|
| | Total | Balance | Total | Balance |
| Excavation Progress | 24 | 3 | 26 | 0 |
| PCC Progress | 16 | 11 | 22 | 4 |
| Raft Progress | 12 | 15 | 18 | 8 |
| Vertival Wall | 3 | 24 | 5 | 21 |
| 0% to 25% | 22 | 5 | 23 | 3 |
| 26% to 50% | 0 | 27 | 2 | 24 |
| 51% to 75% | 2 | 25 | 1 | 25 |
| 76% to 100% | 0 | 27 | 0 | 26 |
| Complete | 0 | 27 | 0 | 26 |

परन्तु विगत 05 माह से मात्र 04 नग भूमिगत जलाशय (CWR) पर फर्म द्वारा कार्य कराये जा रहे थे, 02 नग भूमिगत जलाशय (CWR) पर विगत 01 सप्ताह पूर्व कार्य प्रारम्भ किया गया है, शेष 44 नग भूमिगत जलाशयों (CWR) पर निर्माण कार्य फर्म द्वारा पूर्णतः बन्द कर दिया गया है। जबकि 03 नग भूमिगत जलाशयों (CWR) पर निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये। उक्त के सम्बन्ध में कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देश दिये गये कि समस्त भूमिगत जलाशयों (CWR) पर निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ करायें।

- <u>शिरोपरि जलाशय (OHT):–</u> अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव सतही स्रोत आधारित योजना के क्लस्टर–ए के अन्तर्गत 239 नग तथा क्लस्टर–बी के अन्तर्गत 203 नग इस प्रकार कुल 442 नग शिरोपरि जलाशयों (CWR) का निर्माण कराया जाना है, जिसके सापेक्ष शत–प्रतिशत चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा क्लस्टर–ए के अन्तर्गत 208 नग OHT Structures तथा क्लस्टर–बी के अन्तर्गत 186 नग OHT Structures पर कुल 394 नग OHT Structures पर फर्म द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया था, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| Work Progress | Cluster- A (Scope- 239 Nos. OHT) | | Cluster- B (Scope- 203 Nos. OHT) | |
|---|---|---|---|---|
| | Total | Balance | Total | Balance |
| Excavation Progress | 208 | 31 | 186 | 19 |
| PCC Progress | 198 | 41 | 174 | 31 |
| Raft Progress | 163 | 76 | 143 | 62 |
| Column Up to GL Progress | 153 | 86 | 130 | 75 |
| 0% to 25% | 147 | 92 | 133 | 72 |
| 26% to 50% | 51 | 188 | 45 | 160 |
| 51% to 75% | 9 | 230 | 8 | 195 |
| 76% to 100% | 1 | 238 | 0 | 203 |
| Complete | 0 | 239 | 0 | 203 |

परन्तु विगत 05 माह से मात्र 07 नग शिरोपरि जलाशयों (OHT) पर फर्म द्वारा कार्य कराये जा रहे थे, 01 नग शिरोपरि जलाशय (OHT) पर विगत 01 सप्ताह पूर्व कार्य प्रारम्भ कराया गया है, शेष 386 नग भूमिगत जलाशयों (OHT) पर निर्माण कार्य फर्म द्वारा पूर्णतः बन्द कर दिया गया है। जबकि 48 नग शिरोपरि जलाशयों (OHT) पर निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये। उक्त के सम्बन्ध में कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देश दिये गये कि समस्त शिरोपरि जलाशयों (OHT) पर निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ करायें।

- **वितरण प्रणाली, पेयजल गृह संयोजनः**– उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा क्लस्टर ए एवं बी में आवंटित कुल 1673 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं प्रस्तावित पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्यों की प्रगति निम्नानुसार हैः–

| क्रम सं. | Cluster | प्रस्तावित पाइप लाइन (in KM) | बिछायी गयी पाइप लाइन (Pipe laying Length in KM) | % of Pipe laying |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Cluster-A | 6862.56 | 3400.41 | 49.55% |
| 2 | Cluster-B | 5990.45 | 3384.67 | 56.50% |
| | **Total** | 12853.01 | 6795.08 | **52.87%** |

क्लस्टर–ए के अन्तर्गत 1018 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 3400.41 किमी. वितरण प्रणाली एवं 29773 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। क्लस्टर–बी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में से 600 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 3384.67 किमी. वितरण प्रणाली एवं 42947 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। इस प्रकार 1647 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये कुल 6785.60 किमी. वितरण प्रणाली एवं 72720 नग पेयजल गृह संयोजन उपलब्ध कराये जा चुके हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं, जनपद में एफ.एच.टी.सी. कार्यों की प्रगति 25.98 प्रतिशत है, जोकि शासन की मंशा के अनुरूप अत्यन्त कम है। एफ.एच.टी.सी. कार्यों की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्यों के साथ खोदी गयी सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य प्राथमिकता पर कराया जा रहा है तथा पाइप लाइन कार्यों की प्रगति बढ़ाये जाने हेतु अगले माह से पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु अतिरिक्त श्रमिक कार्यस्थल पर तैनात करते हुये कार्यों को प्रारम्भ करा दिया जायेगा। जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि कार्यो को द्रुत गति से अवशेष 26 राजस्व ग्रामों में पाइप बिछाये जाने एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्य करवाते हुए FHTC को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 33.00 प्रतिशत को शीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

3. **जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खोदी गयी सड़कों की पुनर्स्थापना के कार्यों की समीक्षाः**– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा वर्तमान तक क्लस्टर–ए एवं बी के अन्तर्गत कुल बिछायी गयी पाइप लाइन हेतु काटी गयी सड़क एवं कार्य समाप्ति के उपरान्त पुनर्स्थापित की गयी सड़कों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्रम सं. | Cluster | प्रस्तावित पाइप लाइन (in KM) | बिछायी गयी पाइप लाइन (Pipe laying Length in KM) | रोड कटिंग (Road Cutting in KM) | सड़क पुनर्स्थापना (Road restoration in KM) | Balance Road Restoration (In KM) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7=(5-6) |
| 1 | Cluster-A | 6862.56 | 3400.41 | 1057.90 | 638.79 | 419.11 |
| 2 | Cluster-B | 5990.45 | 3384.67 | 1356.01 | 1164.20 | 191.81 |
| | Total | 12853.01 | 6795.08 | 2413.92 | 1802.99 | 610.92 |

| Type of Road | Balance Road Restoration- (in KM) | | | Balance Road Restoration More than |
|---|---|---|---|---|
| | Cluster A | Cluster B | Cluster - A&B | |
| Inter Locking | 70.53 | 38.40 | 108.93 | 2 Months |
| BOE | 181.67 | 68.12 | 249.79 | 2 Months |
| BT | 17.45 | 19.11 | 36.56 | 2 Months |
| CC | 149.46 | 66.18 | 215.65 | 2 Months |
| Total | 419.11 | 191.81 | 610.92 | 2 Months |

उपरोक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पाइप लाइन बिछाये जाने के साथ अधिक से अधिक श्रमिकों को सड़क पुनर्स्थापना के कार्यों में लगा दिया गया है। वितरण प्रणाली बिछाये जाने के दौरान खोदी सड़कों को पाइप लाइन बिछाने के तुरन्त बाद मोटरेबल एवं पुनर्स्थापना का कार्य 30 दिनों में कराया जा रहा है जिससे सड़क पुनर्स्थापना से सम्बन्धित शिकायतों में कमी आयी है। जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि सड़क पुनर्स्थापना की गुणवत्ता के साथ कार्य की प्रगति सुनिश्चित की जाये। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि यदि फर्म द्वारा सड़क पुनर्स्थापना के कार्य को कराने में अनावश्यक विलम्ब किये जाने की दशा में कोई भी घटना–दुर्घटना घटित होती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त कार्यों को माह दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 7196 श्रमिकों के सापेक्ष वर्तमान में डिप्टी टीम लीडर द्वारा अवगत कराया गया कि 392 श्रमिक कार्यरत है जिससे अधोहस्ताक्षरी द्वारा 04 सप्ताह में कार्यस्थलों पर तैनात करना सुनिश्चित करें जिस हेतु प्रत्येक सप्ताह अतिरिक्त 850 श्रमिकों को कार्यस्थल पर लगाते हुये कमिक वृद्धि की जाये।

4. <u>सुजल ग्राम संवाद</u>– दिनांक 22 मार्च, 2026 को विकास भवन स्थित समागार में मा० जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल महोत्सव पखवाड़ा–2026, 08 मार्च से 22 मार्च, 2026 तक के समापन के अवसर 'सुजल ग्राम संवाद' के 05वें संस्करण का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा० जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन 2.0 कार्यकम की दिशा–निर्देशिका जारी की गयी। कार्यक्रम में जनपद से जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल उपलब्धता तथा स्वच्छता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही 'सुजल ग्राम' की अवधारणा को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश भी प्रदान किए गए।

5. <u>JJM Dashboard 2.0 में RPWSS ID बनाने के सम्बन्ध में समीक्षा</u>– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार के पत्र सं0– W-11011/17/2024-JJM-DDWS दिनांक 18.06.2025 के माध्यम से JJM Dashboard 2.0 पोर्टल पर RPWSS (Rural Piped Water Supply Scheme) ID Create किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। जिसके कम में अपर मुख्य सचिव महोदय, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन की Login ID से पोर्टल पर उक्त कार्य प्रगति पर है। जिसके अन्तर्गत जनपद में पूर्व निर्मित 48 नग पेयजल योजनाओं एवं जल जीवन मिशन (फेज–IV) निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना के समस्त घटकों जैसे कि– Intakewell, WTP-A&B, MCWR, CWRs, OHTs & Distribution Pipe Line इत्यादि की Assets ID बनाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में Service Area Mapping के अन्तर्गत योजनाओं से आच्छादित समस्त राजस्व ग्रामों के मजरों को जोड़े जाने का कार्य प्रगति पर है।

6. <u>जल जीवन मिशन अंतर्गत जल महोत्सव के सम्बन्ध में समीक्षा</u>– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्र सं0– 4103/W-17(Jalarpan) Tech-1/2025-26 दिनांक 06.03.2026 एवं सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं0–W-JJM/12/2026-JJM-VI-DDWS दिनांक 27.02.2026 द्वारा दिनांक 08 मार्च, 2026 से 22 मार्च, 2026 तक जल महोत्सव एवं जल अर्पण दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्रसारित किये गये हैं। उक्त पत्र के अनुपालन में खण्ड कार्यालय के पत्र सं0–553/डब्ल्यू.एस.–103/72 दिनांक 07.03.2026 द्वारा जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव को उपरोक्त पत्रों में उल्लेखित क्रियाकलापो के क्रियान्वयन हेतु पत्र प्रेषित किया गया। जिसके अनुसार जिला समन्वयक द्वारा प्रस्तावित गतिविधि रोस्टर के अनुसार करायी जा रही हैं।

7. <u>जिला तकनीकी इकाई (DTU) स्थापित किये जाने सम्बन्धी कार्य की समीक्षा</u>– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के आपको सम्बोधित पत्र सं0–7/2026 /493/छिहत्तर–1–2026 (2027542), नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 दिनांक 26.02.2026 के द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं

की कुशल एवं प्रभावी संचालन हेतु जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सहयोग से वैण्डर के माध्यम से कराये जाने का प्राविधान किया गया है। तद्क्रम में जनपद स्तर पर ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन के सम्बन्ध में जिला तकनीकी इकाई (DTU) के गठन हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुयी।

अधिशासी अभियन्ता/ सदस्य सचिव
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
उन्नाव।

जिला कृषि अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी/ सदस्य
उन्नाव।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
सिंचाई एवं जल संसाधन,
उन्नाव।

प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला विकास अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं
ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)/सदस्य,
उन्नाव

मुख्य विकास अधिकारी/ सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

जिलाधिकारी/ अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

# कार्यालय जिलाधिकारी, उन्नाव

पत्रांकः– 975 / WS-103 / 118 दिनांक : 16-04-2026

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), किसान बाजार,प्रथम तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
3. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), उन्नाव।
4. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
6. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
7. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
8. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
9. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।

जिलाधिकारी
उन्नाव।